बेटी बचाओ
बेटी पढ़ाओ

**मानव संसाधन प्रबंध विभाग / Human Resource Management Department**
**केन्द्रीय कार्यालय / Central Office**
**ज्ञानार्जन और विकास प्रभाग / Learning and Development Division**

**शुद्धिपत्र - भारतीय रिज़र्व बैंक के अधिकारियों को मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स (एमओओसी) प्रदान करने के लिए एक वेंडर की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी)**

**ई-निविदा संख्या: - भारिबैं/ मासंप्रवि-केंका केंद्रीय कार्यालय विभाग/अन्य/5/26-27/ईटी/90 [एमओओसी के लिए वेंडर की नियुक्ति]**

उपर्युक्त निविदा के लिए गतिविधि सं.: भारिबैं/ मासंप्रवि-केंका केंद्रीय कार्यालय विभाग/अन्य/5/26-27/ईटी/90 [एमओओसी के लिए वेंडर की नियुक्ति] का संदर्भ लें। इस संबंध में, कृपया ध्यान दें कि बैंक की वेबसाइट और एमएसटीसी पोर्टल पर अपलोड किए गए निविदा दस्तावेज में निम्नलिखित परिवर्तन किए गए हैं:

| निविदा दस्तावेज में खंड | वर्तमान खंड | संशोधित खंड |
|---|---|---|
| अनुभाग VII-मापदंड 1 | कंपनी प्रतिष्ठित, सुस्थापित, कंपनी अधिनियम, 2013 के तहत निगमित/ पंजीकृत होनी चाहिए और 31 मार्च 2026 की स्थिति में भारत में कम से कम पांच वर्षों से अस्तित्व में होनी चाहिए। | इस बोली प्रक्रिया में प्रतिभागिता किसी भी प्रतिष्ठित, सुस्थापित कंपनी के लिए खुली है जो अपने अधिकार क्षेत्र में लागू कानूनों के तहत विधिवत रूप से निगमित और पंजीकृत है। बोलीदाता को 31 मार्च 2026 की स्थिति में कम से कम पांच (5) वर्षों से एक वैध इकाई के रूप में निरंतर अस्तित्व में होना चाहिए।<br><br>तदनुसार, संशोधित अनुलग्नक III संलग्न है। |

2. जो बोलीदाता पहले ही बोली प्रस्तुत कर चुके हैं और उन्हें संशोधित करना चाहते हैं, वे एमएसटीसी पोर्टल के बिड फ्लोर पर उपलब्ध बोली हटाएं विकल्प का उपयोग कर सकते हैं और अपनी बोली फिर से प्रस्तुत कर सकते हैं।

3. निविदा में उल्लिखित अन्य सभी नियम और शर्तें यथावत रहेंगी।

प्रभारी मुमप्र, मासंप्रवि, केंका
भारतीय रिज़र्व बैंक
मुंबई

**अनुलग्नक III**

## प्रस्ताव अनुपालन पत्र

बोलीदाताओं को अनुभाग VII में निर्धारित अर्हता-पूर्व पात्रता अर्हता मापदंडों के अनुपालन की घोषणा करने वाला प्रस्ताव अनुपालन पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है, जैसा कि **फॉर्म III** में निर्दिष्ट है। यह फॉर्म बोलीदाता के लेटरहेड पर होना चाहिए और प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित और मुहर लगाया गया होना चाहिए।

## फॉर्म III: प्रस्ताव अनुपालन पत्र (बोलीदाता के लेटरहेड पर)

तारीख:________

1. हम एक प्रतिष्ठित, सुस्थापित, निगमित/ पंजीकृत कंपनी हैं जो अपने अधिकार क्षेत्र में लागू कानूनों के तहत विधिवत रूप से निगमित और पंजीकृत हैं। हम 31 मार्च 2026 की स्थिति में कम से कम पांच (5) वर्षों से एक वैध इकाई के रूप में निरंतर अस्तित्व में हैं। (पंजीकरण प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न है)।

2. हमारे पास संचयी रूप से पिछले तीन वर्षों में कम से कम पांच भिन्न उद्यम ग्राहकों (वरीय रूप से केंद्र/ राज्य सरकार, बीएफएसआई क्षेत्र जैसे प्रतिष्ठानों) के साथ साझेदारी है, जिनमें प्रत्येक संविदा में 500 से अधिक लाइसेंस हैं (कंपनी के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का प्रमाणपत्र और वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25 और 2025-26 के दौरान उद्यम ग्राहकों के साथ साझेदारी के प्रमाण संलग्न हैं)।

3. हम प्रमाणित करते हैं कि पिछले तीन वित्तीय वर्षों में संचयी रूप से कम से कम 5000 व्यक्तिगत लाइसेंस ने पंजीकरण किया है (वित्तीय वर्ष 2023-24, 2024-25, 2025-26 के लिए कंपनी के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का प्रमाणपत्र संलग्न है)।

4. हमारा पिछले चार वित्तीय वर्षों में से प्रत्येक में न्यूनतम ₹50 करोड़ का वार्षिक टर्नओवर है (तीन वित्तीय वर्षों 2022-23, 2023-24, 2024-25 के लिए लेखापरीक्षित तुलन पत्र और वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए गैर-लेखापरीक्षित अनंतिम तुलन पत्र की प्रतियां संलग्न हैं)।

5. हम कम से कम 1000 प्रमाणन पाठ्यक्रमों के कोर्स कैटेलॉग सहित विविध पाठ्यक्रम (वित्त, अर्थशास्त्र, प्रबंधन, साइबर सुरक्षा, डेटा विश्लेषण आदि) प्रदान करते हैं। इसके अतिरिक्त, ये पाठ्यक्रम क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2025, टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) रैंकिंग्स 2025 और द नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क द्वारा इंडिया रैंकिंग्स 2025 के अनुसार शीर्ष 100 विदेशी/ घरेलू विश्वविद्यालयों के संयोजन से हैं (कंपनी के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का प्रमाणपत्र और कोर्स कैटेलॉग का सारांश संलग्न है)।

6. हम छह महीने की अवधि के बाद लाइसेंस के रिअसाइनमेंट की अनुमति देंगे (कंपनी के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का प्रमाणपत्र संलग्न है)।

7. हमारा प्लेटफॉर्म पाठ्यक्रमों में अंतर्निहित मूल्यांकन और पाठ्यक्रम पूर्ण करने संबंधी प्रमाणपत्र प्रदान करता है (कंपनी के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का प्रमाणपत्र संलग्न है)।

8. हम पुष्टि करते हैं कि हमारा प्लेटफॉर्म एआई-चालित पाठ्यक्रम अनुशंसा और प्रश्न समाधान प्रदान करता है (कंपनी के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का प्रमाणपत्र संलग्न है)।

9. हम पुष्टि करते हैं कि हमारा प्लेटफॉर्म बैंक के प्रशासक के लिए कस्टमाइज़्ड रियल टाइम एनालिटिक्स डैशबोर्ड प्रदान करता है (कंपनी के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का प्रमाणपत्र संलग्न है)।

10. हमारे ऊपर शिक्षा वितरण से संबंधित कोई नकारात्मक मुकदमा नहीं है और हम किसी भी सरकारी संगठन द्वारा ब्लैकलिस्ट नहीं किए गए हैं (कंपनी के प्राधिकृत हस्ताक्षरकर्ता का प्रमाणपत्र संलग्न है)।

11. हमारे पास आईएसओ 27001 (सूचना सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली) प्रमाणन है (आईएसओ 27001 प्रमाणन की प्रति संलग्न है)।

12. हम पुष्टि करते हैं कि हम भारतीय कानूनों का पालन करेंगे और संविदा दिए जाने के बाद स्थानीय इकाई का पंजीकरण करने या एक अधिकृत भारतीय एजेंट रखने के लिए सहमत हैं।

13. हम आगे पुष्टि करते हैं कि हमारी कंपनी आरएफपी में दी गई सभी अपेक्षाओं का पालन करने में सक्षम है। निविदा दस्तावेज की हस्ताक्षरित प्रति संलग्न है।

2026 के _____________ की ___________ तारीख को दिनांकित।

मै.: ______________ के लिए और की ओर से

(मुहर सहित हस्ताक्षर)

नाम : ____________________________

पद :____________________________

पता :____________________________

स्थान :____________________________

टेलीफोन नंबर :____________________________

ई-मेल :____________________________